## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**खैरथल** । खैरथल तिजारा जिले में नवाचार कर चलाए गए मिशन आकाश कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते हुए कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा कर किशनगढ़ बास व तिजारा ब्लॉक के स्वास्थ्य अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन वितरण को लेकर सुधार के निर्देश दिए। बैठक में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट सहित ब्लॉक के स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर नवाचार मिशन आकाश कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित एनीमिक गर्भवती महिलाये एवं कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के फॉलोअप रिपोर्ट पर संतुष्टि जाहिर की और आयुष्मान कार्ड के ऑनलाईन वितरण में ब्लॉक किशनगढ़बास एवं तिजारा को विशेष सुधार के निर्देश प्रदान किये ओर समस्त खण्डो को आयुष्मान योजना के तहत ईकेवाईसी शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने टी.बी. मुक्त कार्यक्रम के तहत आगामी तीन माह मे जिले के समस्त खण्डो को तीन-तीन ग्राम पंचायत टी.बी. मुक्त करने का लक्ष्य दिया और कहा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत के लिए बीएलओ से सहयोग लिया जाये। टी.बी. के अधिक से अधिक स्यूटम सैम्पल करने के लिए निर्देशित किया।

# जिला प्रभारी व उर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री सभा स्थल का लिया जायजा

### सी.एम.टोंक से 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे

**टोंक** । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने उर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी हीरालाल नागर ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी पहुंचकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री टोंक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे।

नागर ने कृषि उपज मंडी पहुंचे, जहां जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने उनका स्वागत किया तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। नागर ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल के दौरे को लेकर इन्तजाम देखा है, टोंक जिले से इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा, जो किसानो के खातो में 2000 रूपये की राशि डालकर उन्हे लाभान्वित किया जायेगा। हमारी सरकार ने जो चुनाव में वादे किये है, उनको पुरा करने का काम किया जा रहा है, हमारी सरकार ने 6 महिने में ही कई महत्वपूर्ण कार्य कर जनता को लाभान्वित किया हैं। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है, आने वाले समय में 5 विधानसभा क्षेत्रो में उपचुनाव होने जा रहे है, जिसके लिए उच्चस्तरीय कमेठी को सक्रिय करके चुनाव लडा जायेगा और भाजपा की झोली में पांचो सीटे डाली जायेगी। पिछली सरकार ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिससे परेशान जनता ने सरकार बदलकर यह साबित कर दिया है कि जनता का भला भाजपा के राज में ही किया जाता है।



**मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने उर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को कृषि उपज मंडी पहुंचे।**

## पंचायत भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**सिकराय,**(निसं) सिकंदरा पंचायत समिति की भंडारी ग्राम पंचायत भवन निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी । विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

विधायक विक्रम बंशीवाल शुक्रवार को भंडारी ठााम पंचायत के भवन निर्माण का शिलान्यास करने पहुंचे थे। विधायक विक्रम बंशीवाल ने ठााम पंचायत भवन के निर्माण कार्य की शिलान्यास पट्टीका अनावरण किया। इस दौरान सिकंदरा प्रधान सुल्तान बैरवा व ठााम पंचायत सरपंच कौशल्या देवी व सरपंच व कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंडित ने विधि विधान के द्वारा मंत्रोच्चार कर भूमि का पूजन करवाकर नींव रखवाई ।

वहीं कार्यक्रम में सरपंच कौशल्या देवी व ठाामीणों ने विधायक विक्रम बंशीवाल का 51 किलों की फूलमाला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। ठााम पंचायत भवन के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि ठााम पंचायत स्थानीय स्तर के विकास कार्यों की पहली कड़ी है गांवो का विकास की शुरुआत ठााम पंचायत से शुरआत होती है।

## सार-समाचार

### रेंग-रेंग कर चले वाहन



**दूदू** । जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ासोली में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य को लेकर शुक्रवार की सुबह से ही शाम तक वाहनों का जमावड़ा लगा रहा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध रहा । इस दौरान वाहनों की कतार पड़ासोली से पाटन तक करीब 15 किलोमीटर की कतार लगी रही तथा धीरे-धीरे वाहनों को चालक चलाने पर मजबूर हुए । दिन भर वाहन चालकों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा

### शिक्षकों ने प्रशिक्षण का बहिष्कार किया

**मालपुरा,**(निस) शुक्रवार को मालपुरा पंचायत समिति के राजीव गांधी सभागार मे ई-ग्राम प्रभारीयो का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे शिक्षकों ने प्रशिक्षण शिविर का बहिष्कार करते हुये पंचायत सभागार के बाहर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुये मालपुरा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत करवाया कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। नई शिक्षा नीति के तहत सभी गैर शिक्षक कार्यो से शिक्षकों को तत्काल मुक्त किया जाये। जिससे की वो सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर अपना ध्यान केन्द्रीत कर बेहतर परीक्षा परिणाम दे सके।

### अवैध बजरी से भरा डम्पर जब्त

**टोंक।** बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के तहत कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बरोनी थाना क्षेत्र में थानाधिकारी ओम्रप्रकाश ने विशेष दल द्वारा दौराने गस्त नोहटा मोड के पास से 50 टन अवैध बजरी से भरा एक डम्पर जप्त किया। साथ ही चालक रमेश पुत्र प्रताप जाति रैगर उम्र 32 साल निवासी गंगापुरा दत्तवास जिला टोंक को गिरफ्तार कर चालक व मालिक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### अस्पताल में 4 फीट का सांप निकला

**टोंक।** मुख्यालय स्थित मातृ व शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (जनाना हॉस्पिटल) के डिस्चार्ज वार्ड में अचानक सांप के आ जाने से उस समय हडकम्प मच गया तथा मरीजों में दहशत का माहौल हो गया। जिसकी जानकारी स्टाफ ने प्रभारी डॉ. विनोद परवरिया को दी, इस पर डॉ. विनोद ने सिविल डिफेंस के जवान गालिब खान को सूचना दी। सूचना पाये जाने पर मौके पर पंहुचे गालिब खान ने एक 4 फिट रेड स्नैक (सांप) को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। जहां सभी ने गालिब खान को धन्यवाद दिया ।

### ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के समर्थन में ग्रामीणों ने ग्राम चतुर्भुज निवासी चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानान्तरण किये जाने की मांग की। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को तुरन्त रोकने का आग्रह भी किया। जिला कलक्टर ने निर्माण कार्य को तुरन्त रोकने के आदेश संबंधित निर्माण एजेंसी को दिये। इस दौरान गंगाराम, गिरिराज भारती, अभिषेक कुमार, पवन स्वामी, दिलीप यादव, गिरधारी लाल आर्य, श्रीराम पंच, महावीर यादव व मंगलदत्त शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलायें मौजूद रही।

## जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई नाली को अधूरा छोड़ा

■ आमजन व राहगीर आए दिन हो रहे है दुर्घटना के शिकार

**निवाई** । जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहड़ में पाईपलाइन डालने के बाद ठेकेदार ने नालियों को खुला छोडकर कार्य को बंद कर दिया। जिससे आए दिन ठाामीण व राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। ठाामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने नाली को खुली छोड गया। जिससे नाली में किसानों के ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल गिर रहे हैं। ठाामीणों ने बताया कि अभी बरसात का मौसम है, बारिश में मिट्टी गीली होकर फिसलन हो रही है, राहगीर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत सहित उपखण्ड प्रशासन को भी कई बार अवगत करवाया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किसान जानवरों के लिए चारा लेने जा रहा थे, खोदी गई नाली की मिट्टी बरसात से चिकनी व फिसलन होने से ट्रैक्टर फिसलकर गड्डे में जा गिरा। गनीमत रही की चालक की सूझबूझ के चलते चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई जिससे बडा हादसा होने से टल गया। ठाामीणो ने ठेकेदार को भी कई बार अवगत करवाया मगर ठेकेदार द्वारा इस ओर कतई ध्यान नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को भी पत्र लिखकर तत्काल समस्या से निजात दिलाने की गुहार की है।

## प्रशासन ने किया अतिक्रमण ध्वस्त

**अलवर।** नगर पालिका बहादुरपुर में उप तहसील के सामने सरकारी जमीन पर पूर्व सरपंच इंदु शेखर दीक्षित द्वारा वर्ष 2015 से किए गए अतिक्रमण को नगर पालिका प्रशासन द्वारा आज दिनांक 28 जून 2024 को ध्वस्त कर कब्जे राज लिया गया। अतिक्रमण ध्वस्त करने की इस कार्रवाई में मौका मजिस्ट्रेट अलवर तहसीलदार तनु शर्मा, साथ ही नगर पालिका ईओ पंकज कुमार मंगल और बहादुरपुर नायब तहसीलदार सपना मीणा मौके पर मौजूद है। अलवर पुलिस द्वारा भारी पुलिस जाब्ता मोके पर महिला और पुरुष कांस्टेबल का उपलब्ध कराया गया है। इस अतिक्रमण को ध्वस्त होते देखने के लिए नगर पालिका के हजारों लोगों का हुजूम यहां पर जमा है और इस 9 साल पुराने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई से नगरपालिका बहादुरपुर क्षेत्र और आसपास के लोग इस कार्रवाई से खुश हैं।

# बाह्मण समाज के लोगों ने डोटासरा का पुतला फूंका

**दौसा** । कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा कोटा रेंज के आईजी रविदत्त गौड को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में बाह्मण समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डोटासरा का पुतला फूंका।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की और राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। गौड सनाढ्य ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि डोटासरा ने आईजी के खिलाफ अमर्यादित, अलोकतांत्रिक एवं धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल कर समाज में अधिकारी को नीचा दिखाने का कृत्य किया है। पुलिस की गरिमा गिराने व दबाव में लाने का प्रयास किया है। डोटासरा के इस भाषण के पीछे संपूर्ण ब्राह्मण समाजए इनके अधिकारियों एवं कार्मिकों के खिलाफ जनता को भडकाने का कुकृत्य है। जिससे ब्राह्मण समाज आहत महसूस कर रहा है। डोटासरा द्वारा ब्राह्मण समाज एवं इनके कार्मिकों के विरुद्ध वातावरण बनाकर राजनीतिक लाभ लेने का सोचा समझा षड्यंत्रकारी है। गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए । इस दौरान प्रभुदयाल शर्मा, सुरेश घोसी, बाबूलाल जैमन, बनवारी लाल टापरिया, केदार चांदराना, उर्मिला जोशी ने गोविंद सिंह डोटासरा का पुतला जलाया।



**कोटा रेंज आईजी रवि गौड पर की गई अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया ।**

# केनाल की सफाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**सांभरझील,** (निसं)। सिवानिया मोड से देवयानी तीर्थ स्थल तक बारिश का पानी पहुंचाने के लिए करीब दो दशक पहले बनाई गई पक्की कैनाल का रास्ता कचरे से भरा पड़ा है।

क्योंकि मानसून परवान पर है ऐसे में केनाल की अच्छी तरह साफ सफाई करवाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष विनोद सांभरिया, सत्यनारायण स्वामी, पार्षद विजय प्रजापति, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश माली के अलावा देवयानी विकास समिति के अध्यक्ष हरिदास पंडित व उनकी टीम की ओर से अलग अलग एसडीएम को ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। विज्ञापन में बताया कि तीर्थ स्थल में बारिश का पानी जाने का यह प्रमुख मार्ग है लेकिन पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण कैनाल की साल भर से सफाई नहीं हुई है, कई बार अवगत कराने के बाद भी पालिका प्रशासन इसमें कोताही की बरत रहा है, इसलिए समय रहते इसकी तत्काल सफाई करवाने के लिए अधिशाषी अधिकारी को निर्देश प्रदान किए जाए।


**करीब दो दशक पहले बनाई गई पक्की कैनाल की सफाई करवाने की मांग को एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया।**

## पावटा में बाइक चोर गिरोह सक्रिय

**पावटा।** पावटा कस्बे में तेजी से बढ़ती बाइक चोरी की घटनाएं लोगों के परेशानी बनी हुई हैं। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरे की फुटेज साफ नहीं होना और क्लियर नहीं होना मुल्जिमो के नही पकड़ने का मुख्य कारण है। पावटा कस्बे के ग्राम भूरी भडाज धालेहड़ा निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र हरचंद यादव ने बताया कि पावटा कस्बे के मुख्य बाजार से उसकी बाइक चोरी हो गई। तीन दिन बाद मामला दर्ज किया गया है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई तफ़्तीश नही की और ना ही कोई आस पास के सीसीटीवी फुटेज देखे। वही पावटा निवासी महेश खण्डेलवाल ने बताया कि पावटा लाखुडी में खड़ी बाइक चोरी हो गई। तीन दिन बाद मामला दर्ज किया गया है।

# मारपीट के तीन अभियुक्तों को 3 साल की सजा

**सांभरझील,** (निसं)। डॉ. ऋचा कौशिक अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभरलेक, जिला जयपुर ने अपहरण व मारपीट के मामले में तीन अभियुक्तों को 3 साल का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायिक अधिकारी ने फैसले में लिखा कि यदि मारपीट व अपहरण जैसे गंभीर अपराधों में अभियुक्तगण को परिवीक्षा का लाभ प्रदान किया गया तो समाज में विपरीत संदेश जाएगा तथा अपराधियों के हौसले बुलंद होंगे। परिवादी के वकील प्रेमचंद भहड़ा व लोक अभियोजक ने भी अभियुक्तगण को समुचित दण्ड से दण्डित किये जाने की प्रार्थना की। इन्होंने बताया कि अभियुक्त बजरंगलाल पुत्र कानाराम, निवासी जैतपुरा थाना फुलेरा, जिला जयपुर, पृथ्वी सिंह पुत्र मानसिंह निवासी पृथ्वीपुरा थाना फुलेरा, जिला जयपुर, विजय कुमार पुत्र बजरंगलाल मीणा निवासी जैतपुरा थाना फुलेरा जिला जयपुर के रहने वाले हैं। प्रकरण में आरोप पत्र थानाधिकारी, सांभर की ओर से न्यायालय में पेश किया गया था। परिवादी की वकील प्रेमचंद भहडा ने बताया कि देवनंद मीणा ने दिनांक 25 अगस्त को पुलिस थाना सांभरलेक पर एक तहरीरी रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि परिवादी का बड़ा भाई रामकमल मीणा गांव काजीपुरा से बाहर ढाणी पर रहता है। वह घर से बाहर गये थे करीब 6 बजे घर पर आये वहां रेखा देवी आए हुए थे जो राजकमल मीणा की पत्नी की चाची है। करीब 8.00 बजे शाम को रामसिंह मीणा निवासी जैतपुरा से मोटरसाईकिल लेकर उसके बडे भाई के घर आया वह आते ही गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। बोलेरो व मोटरसाईकिल पर सवार व्यक्तियों ने आते ही मारपीट चालू कर दी। विजय पुत्र बजरंगलाल मीणा, छोटू पुत्र कानाराम मीणा, बजरंग पुत्र कानाराम, संतोष पत्नी बजरंगलाल, लालाराम व गाड़ीवाला पृथ्वीसिंह गांव पृथ्वीपुरा उनके हाथों में कुल्हाड़ियां, चाकू, सरिये, लकडी आदि थे जो सभी व्यक्ति उसके बड़े भाई के घर पर घुसकर मारपीट करने लगे।

## कलेक्टर रात्रि को गांव में रुके, लोगों की समस्याएं सुनी

**दौसा** । आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान व निराकरण करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने गुरूवार को पंचायत समिति महवा की ग्राम पंचायत पावटा में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर सडक, बिजली, स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की ग्राम पंचायत स्तर के परिवादो को यहीं पर समाधान करें, ताकि परिवादियों को जिला व ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई में न आना पडे। रात्रि चौपाल में कुल 32 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक रास्तों व भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, पेयजल की सप्लाई कराने, बिजली के पोल ठीक करने, खेत से रास्ता खुलवाने, सडक, नामांतरण, पत्थरगढी, जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सुबह मंडावर में तहसील कार्यालय, पुलिस थाना एवं सीएचसी का निरीक्षण तथा गाजीपुर में मुख्यमंत्री जल स्वालंबन योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने मंडावर तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी की प्रगति, कार्यालय में ई-फाइलिंग प्रक्रिया को शत-प्रतिशत लागू करने, राजस्व प्रकरणों की वस्तु स्थिति जानकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए, उन्होंने कार्यालय में नियमित साफ-सफाई एवं मानसून के दौरान पौधारोपण करवाने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मंडावर थाने का वार्षिकी निरीक्षण किया, इस दौरान थाने में आने वाले परिवादों की स्थिति, थाना क्षेत्र में अपराधों की प्रकृति व मालखाने की वस्तु स्थिति को जानकर निस्तारण करने के थाना अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले परिवादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए आमजन की शिकायतों को सुने। इसी दौरान जिला कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावर का अवलोकन किया, वहां उन्होंने ओपीडी एवं आईपीडी वार्ड की व्यवस्थाओं को देखा एवं मरीजों से बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी तथा स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाई स्टोर का निरीक्षण किया तथा मौसमी बीमारियों संबंधित व अन्य आवश्यक दवाइयों का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए। गाजीपुर में मुख्यमंत्री जल स्वालंबन योजना के कार्य का अवलोकन करते हुए मानसून पूर्व कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए ।

## बंदरों को 2 क्विंटल केले खिलाए

**शाहपुरा** । भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के तीसरे दिन अलवर तिराहा व खादरसा बाबा की डूंगरी में बंदरों को 2 क्विंटल केले व 5 कार्टून बिस्कुटों के खिलाएं गये। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, भाजपा मंडल संयोजक जगदीश कुमावत, सहसंयोजक श्याम सुंदर जोशी व मंडल उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया ने बताया कि जयपुर ठाामीण के सांसद राव राजेंद्र सिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है सेवा सप्ताह के तीसरे दिन बंदरों को 2 क्विंटल केले व 5 कार्टून बिस्किट खिलाएं गये। मंडल महामंत्री महेश पारीक, पूर्व जिला मंत्री जगदीश बल्लीवाल, पार्षद मालीराम सैनी, पार्षद नरेश शर्मा, पार्षद रोशन बागडी ने बताया कि सेवा सप्ताह के चौथे दिन 29 जून को बिदारा मोड़ स्थित झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले गरीब व असहाय 200 लोगों को खाना खिलाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, बूथ अध्यक्ष मुकेश माटोलिया, पार्षद कानाराम योगी, किसान मोर्चा अध्यक्ष भीवाराम ढबास ,समाज सेवी राजेश मंडोवरा, नंदकिशोर चावला व जितेंद्र सिंह ने व्यवस्थाओं में जुटकर बेजुबानों की सेवा करते रहे।

# केन्द्रीय मंत्री ने हादसे में घायल 5 जनों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की

### जयपुर-भीलवाड़ा हाईवे पर डम्पर व ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत

■ अस्पताल पहुंचाने पर घायलों ने केन्द्रीय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का आभार जताया

**मालपुरा** (निस)। जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर एमीनेन्ट कॉलेज के पास गुरूवार की रात्रि को डम्पर व ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार पांच जने घायल हो गये। जिन्हे डिग्गी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर रात्री को एमीनेन्ट कॉलेज के पास तेज रफ्तार डम्पर ने लकडियो से भरे ट्रेक्टर को टक्कर मार दी। डम्पर की टक्कर से ट्रेक्टर सवार पांच महिला-पुरूष व बच्चे घायल हो गये। जिन्हे 108 एम्बूलेंस की सहायता से डिग्गी अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ती करवाया गया।

तो वही दूदू छाण स्टेट हाईवे पर टोरडी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से टोरडी निवासी एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान स्टेट हाईवे से टोडा की ओर जा रहे केन्द्रीय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सरकारी वाहन को रोक तत्काल मौके पर 108 एम्बूलेंस मंगवा घायल को स्वंय एम्बूलेंस में लेटा मालपुरा अस्पताल पहुंचाया। केबिनेट मंत्री द्वारा मानवीयता दिखा समय पर घायल को अस्पताल पहुंचाने पर घायलों ने मंत्री का आभार जताया तो मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सडक दुर्घटनाओं मे समय पर उपचार के अभाव मे होने वाली अकाल मौतो को रोकने के लिये जीवनदायिनी 108 एम्बूलेंस की निःशुल्क सेवा संचालित कर रही है। जिसका ऐसे जरूरतमंद लोगो को समय पर लाभ देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। सडक हादसे में घायलों को देखकर मौके से भागने के बजाय उन्हे समय पर अस्पताल पहुंचा जान बचाना सबसे बडी मानव सेवा है।

तो वही मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर बागडी के पास सडक किनारे खडी बाईक को तेज रफ्तार वाहन द्वारा टक्कर मारने से लाम्बाहरिसिंह निवासी भागचन्द घायल हो गया जिसे मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे भर्ती करवाया गया।

## एलर्जी चिकित्सा परामर्श शिविर

**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में 28 शुक्रवार को प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित निःशुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी और समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने बताया कि शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ठासित 42 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। निःशुल्क बीपी, शुगर एवं रोग परामर्श शिविर कल। श्रीमाधोपुर लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला शिविर माह 30 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

**अलवर** । जिला कलक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले के राजकीय विद्यालयों में इस सत्रा में कम से कम दस प्रतिशत नामांकन वृद्धि करें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि परम्परागत शिक्षा व्यवस्था के साथ आधुनिक पद्धित का उपयोग करें जिसके तहत चरणबद्ध तरीके से प्राथमिकता तय कर प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए इंग्लिश स्पोकन व कठिन विषयों की अतिरिक्त कक्षाएं लगाने, जिन विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब बनी हुई हैं उन सभी में वाई-फाई लगवाने, विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की बेसिक नोलेज दी जावे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड व ई-क्लासेज को भी बढ ावा देवे।

उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा पौधारोपण के लिए दिए गए जिले को दिए गए लक्ष्य को अर्जित करने हेतु सभी विद्यालयों में पौधरोपण कराया जावे तथा उनका संरक्षण व संवर्धन भी सुनिश्चित किया जावे। इसके लिए ठााम पंचायत व आम नागरिकों का सहयोग लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू रहे। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में पूर्व में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना हुआ है उनकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट भिजवाए तथा विद्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने की कार्य योजना बनाए। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु को मद्देनजर रखते हुए सभी विद्यालय भवनों की स्थिति की रिपोर्ट मंगवाए। जीर्ण-शीर्ण व जर्जर कक्षों में कक्षा संचालित नहीं करे तथा विद्यालय भवनों की छतों की साफ-सफाई कराई जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में न्यूट्रीशियन गार्डन नहीं बने हैं वहां न्यूट्रीशियन गार्डन विकसित करावे।